C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 154 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार ,22 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# प्रदेश में पंचायतों का नया नक्शा तैयारः राजस्थान के सभी 41 जिलों में पुनर्गठन, भीलवाड़ा में 132 नई पंचायतें गठित

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राज्य सरकार ने शुक्रवार को राजस्थान के सभी 41 जिलों में पंचायत पुनर्गठन और नई पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही पंचायती राज व्यवस्था का पूरा नक्शा बदल गया है। लगभग हर ग्राम पंचायत की सीमाओं में बदलाव किया गया है, जिससे स्थानीय राजनीति से लेकर प्रशासनिक ढांचे तक व्यापक असर पड़ने जा रहा है।

### प्रदेश स्तर पर बड़ा बदलाव, पदों में भारी वृद्धि

नई पंचायतों के गठन के बाद पूरे प्रदेश में सरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंचों के हजारों नए पद बढ़ जाएंगे। आगामी चुनाव अब पुनर्गठित पंचायतों के आधार पर ही होंगे। रेगिस्तानी और आदिवासी जिलों में मानकों में दी गई छूट के चलते सबसे अधिक नई पंचायतें बनी हैं।




प्रदेश सरकार ने करीब एक वर्ष से पंचायत पुनर्गठन की प्रक्रिया पर काम किया था। जिलों से सुझाव मंगवाने के बाद पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रस्ताव भेजे गए थे। राजनीतिक स्तर पर भी भाजपा ने इसके लिए अलग कमेटी बनाई थी।

### जनता को मिलेगा सीधा लाभ

नई पंचायतों के गठन से ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय जाने के लिए अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। राशन वितरण, सरकारी दस्तावेज, प्रमाण-पत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और सरपंच-सचिव से जुड़े कार्य अब पहले से अधिक सुगमता से हो सकेंगे। ग्राम क्षेत्र छोटा होने से लोगों का समय और परिवहन दोनों की बचत होगी।

### रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे

जहाँ नई पंचायतें बनी हैं, वहाँ ग्राम सचिव, पटवारी, ग्राम सहायकों सहित अन्य प्रशासनिक पदों की संख्या भी बढ़ेगी। आगामी भर्तियों में इन पंचायतों के अनुरूप पद बढ़ाकर नियुक्तियाँ की जाएँगी, जिससे शिक्षित बेरोजगारों को अवसर मिलेंगे।

### भीलवाड़ा जिले में बड़ा बदलावः 267 पंचायतों का पुनर्गठन, 132 नई ग्राम पंचायतें बनीं

राज्यव्यापी अधिसूचना के तहत भीलवाड़ा जिले की 14 पंचायत समितियों में व्यापक पुनर्गठन किया गया है। जिले में 267 ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन करते हुए 132 नई ग्राम पंचायतों का गठन किया गया है।

लगभग हर पंचायत की सीमाएँ बदल गई हैं, जिससे स्थानीय राजनीतिक समीकरण भी प्रभावित होंगे।

### भीलवाड़ा में नई पंचायतों की सूची

जिले की प्रमुख पंचायत समितियों में बनी नई पंचायतें इस प्रकार हैं:

**आसींदः** सुलवाड़ा, बामणी, रायरा, पांडरू, दूल्हेपुरा, जीवलिया, झालरा, बागमाली, राजपुरा, रूपपुरा, जोधड़ास, रामपुरिया, धोली जेतपुरा

**बदनौरः** जयनगर

**हुरड़ाः** भगवानपुरा, आपलियास, बारणी, बागा का खेड़ा, परड़ोदास, सनोदिया

**बनेड़ाः** सुल्तानगढ़, रामपुरिया उर्फ पायरा, झांतल, लोटियास

**बिजौलियांः** उंदरों का खेड़ा, रसदपुरा, केरखेड़ा, बणियों का तालाब, इंद्रपुरा

**जहाजपुरः** धांधोला, रूणिया बरड़ा, गुढ़ा बिजेठा, लुहारी खुर्द, धुधेश्वर महादेव, हनुमान नगर, जालमपुरा, जीरा, टिठोड़ा माफी, बेरी, ढगारिया कंजर कॉलोनी, मानपुरा, झींकरी, दधिमाता, सरसिया चारणान, काबरी, हंसेड़ा हरसलों का खेड़ा, खेरूणा, श्रृंगार चंवरी, फतेहपुर गढ़बोदिया, लाल का खेड़ा, नाथूण

**करेड़ाः** थापड़ा, गाजुणा, चानसेन, सुलिया, दंतेड़ी, उदयरामजी का गुढ़ा, डोडखेड़ा, अलगवास, बद्ध्द, जालमपुरा, तख्तपुरा, डेलास, गोपालपुरा, गोविंदपुरा

**कोटड़ीः** धनवाड़ा, ढोकलिया, सोपुरा, बलियाखेड़ा, पपलाज, गोविंदपुरा, गंधेरी, अखेपुर, इटावा, दोवनी, उदलियास माफी, रेणवास, सोपुरा

**मांडलः** कोलीखेड़ा, दांताकला, कोचरिया, करणीपुरा, भीलड़ी, छाजवों का खेड़ा, दांता लुहारिया, बेरां, चांदरास, कबराड़ी, गुढ़ा

**मांडलगढ़ः** रानीखेड़ा, जगपुरा, गणेशपुरा, सांड, नीम का खेड़ा, देबीपुरा, चैनपुरिया, भारेंडा

**रायपुरः** कलालखेड़ी, चारोट, गल्यावड़ी, पनोतिया, सुरास, बकाण, मासिंगपुरा

**सहाड़ाः** मेघरास, गुढ़ा

**शाहपुराः** समेलिया, आरणी, चलानिया, सांखलिया, रूपपुरा, करमड़ास, बावड़ी, पनोतिया, खेड़ा होतम, रलायता, बड़ला तस्वारिया का, देवपुरी

**सुवाणाः** धूमड़ास, जित्याखेड़ी, मंडपिया, फागणों का खेड़ा, कल्याणपुरा, बोरड़ा, एकलिंगपुरा, ओझाघर, कोटड़ी, मोमी, सोपुरा, आमली पुरावतान, नाथडियास, कान्याखेड़ी, खायड़ा

# राज्य सरकार की संवेदनहीनता पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

## टीकाराम जूली बोले , भारी सड़क हादसों के पीड़ित अब तक राहत से वंचित, मुआवजा तुरंत जारी हो

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश में पिछले दिनों हुई भीषण सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले और गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को अब तक सरकारी सहायता नहीं मिलने पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। जूली ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए कहा कि हादसों के बाद पीड़ित परिवार राहत की उम्मीद में भटकते रह जाते हैं,



जबकि सरकार को ऐसी परिस्थितियों में मानवीय संवेदनशीलता सर्वोपरि रखनी चाहिए। जूली ने कहा कि अधिकांश मामलों में सरकारी मुआवजा प्रक्रिया अत्यंत धीमी चलती है, जिससे शोकग्रस्त परिवारों को विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने हरमाड़ा में 3 नवंबर को डम्पर की चपेट में आए लोगों का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके परिजन आज तक किसी सरकारी सहायता के इंतजार में हैं। विभागीय अधिकारियों की ओर से इन परिवारों को आयुष्मान (चिरंजीवी) दुर्घटना बीमा योजना के माध्यम से मदद मिलने का आश्वासन जरूर दिया गया, परंतु यह सरकारी मुआवजे का विकल्प नहीं हो सकता।

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से आग्रह किया कि जैसलमेर और मतोड़ा हादसों की तरह त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी पीड़ित परिवारों को तुरंत मुआवजा जारी किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संवेदनशील मामलों में देरी न केवल पीड़ा बढ़ाती है, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का संकेत भी देती है।

# अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, दो फरार तस्कर गिरफ्तार




**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।**

अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

पुलिस ने बताया की अगस्त माह और अक्टूबर को पुलिस थाना काछोला तथा बडलियास द्वारा अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 46 किलोग्राम और 54.310 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया था। कार्रवाई के दौरान तस्कर कैलाश चन्द्र निवासी खटवाड़ा, बिगोद और लादू लाल निवासी माकलिया , मांडलगढ़ को गिरफ्तार किया गया था तथा तस्करी में प्रयुक्त स्वीफ्ट और क्रेटा कार को जब्त किया गया था।

इसी प्रकरण में अवैध परिवहन में संलिप्त आरोपी गोपाल लाल बंजारा और विनोद कुमार उर्फ भाउ घटना के बाद से गिरफ्तारी के भय से लगातार ठिकाने बदलकर फरार चल रहे थे। गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दोनों फरार आरोपियों को दस्तयाब कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। प्रकरण का अनुसंधान जारी है।

# झूलते हाईटेंशन तार ने ली अधेड़ की जान, बरोदा गांव में फैला शोक व आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

थाना क्षेत्र के बरोदा गांव में शुक्रवार अल सुबह हाईटेंशन लाइन के झूलते तार ने एक अधेड़ की जान ले ली। बिजली विभाग की लापरवाही से हुए इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार गांव के भंवरलाल (40) पुत्र हजारी गुर्जर रोजाना की तरह सुबह लगभग तीन बजे खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान चौहानों का झोपड़ा के पास 11 हजार केवी लाइन का तार नीचे झूल रहा था, जो चलते समय अचानक भंवरलाल के संपर्क में आ गया। तेज करंट लगने से उनकी गर्दन धड़ से अलग हो गई और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की भयावहता देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई। हादसे की सूचना मिलते





ही परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। उन्होंने विद्युत विभाग की खुली लापरवाही पर कड़ा रोष जताते हुए उचित मुआवजे और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर वहीं धरने पर बैठ गए। मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना पर सहायक अभियंता सुरेश कुमार मीणा मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीण उनकी बातों से असंतुष्ट रहे। इसके बाद एक्सईएन बिजली विभाग शाहपुरा घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत कर उचित मुआवजा दिलवाने तथा दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद ही परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए।

करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद क्षेत्र में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की कि 11 केवी लाइन को तत्काल ऊंचा किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। एक्सईएन ने मौके पर ही ठेकेदार को लाइन तुरंत ऊंची करने के निर्देश जारी किए।

# रायला में चलते ट्रक में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के रायला थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। अल सुबह अजमेर से चंदेरिया की ओर लौट रहा एक ट्रक अचानक आग की लपटों में घिर गया। ट्रक रायला क्षेत्र के बेरा चौराहे के पास पहुंचा ही था कि उसमें तेज धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग भड़क गई।

जानकारी के अनुसार ट्रक ने चंदेरिया में सीमेंट खाली किया था और लौटते वक्त अचानक उसमें आग लग गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का



कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। ट्रक से उठते धुएं और आग की लपटों को देखकर राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई।

इसी बीच चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। सूचना मिलने पर रायला पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड बुला टीम ने आग पर काबू पाया।

C M Y K

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आकोला क्षतिग्रस्त पुलिया पर लगाए गए रेडियम और संकेतक बोर्ड

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।



(सांवर वैष्णव)। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बड़लियास थाना पुलिस ने शुक्रवार को आकोला बनास नदी की क्षतिग्रस्त पुलिया पर सुरक्षा दृष्टि से रेडियम पट्टियां और संकेतक बोर्ड लगाए। यह कदम हाल ही में फलौदी में हुई सड़क दुर्घटना के बाद सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के निर्देशों के तहत उठाया गया। बड़लियास थाना सब इंस्पेक्टर महेंद्र मीणा ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस वे, भारतमाला परियोजना और राज्य राजमार्गों पर आवश्यक यातायात सूचनात्मक बोर्ड लगाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। इसी के तहत सवाईपुर-बड़लियास मार्ग स्थित आकोला बनास नदी की क्षतिग्रस्त पुलिया पर दोनों तरफ रेडियम और चेतावनी संकेतक लगाए गए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।

# बुजुर्ग विधवा महिला की खातेदारी भूमि पर दबंगों ने किया कब्ज़ा

## हरे पेड़ों को काटकर ले गए, पुलिस में छह आरोपियों पर रिपोर्ट

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

थाना क्षेत्र के जालम की झोंपड़ियां गांव में एक बुजुर्ग विधवा महिला की खातेदारी कृषि भूमि पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने और खेत में लगे हरे पेड़ों को काटकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने छह आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित पोखरी देवी की पुत्री मंजूदेवी मीणा ने मांडलगढ़ थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि सामलाती खातेदारी भूमि तथा व्यक्तिगत खाते की कृषि भूमि ग्राम श्यामपुरा की सरहद में स्थित है।

18 नवंबर को करीब 11 बजे आरोपी ट्रैक्टर लेकर आए और जबरन खेत में घुसकर भूमि को जोत दिया तथा कब्जा कर लिया। अगले दिन खेत की मेड पर लगे नीम, बबूल और खेजड़ी के हरे पेड़ों को काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ले गए।

घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता ने अपने भाई गोपाल के साथ आरोपियों को रोकने पहुंची, तो आरोपियों ने धमकी दी कि जमीन पर कब्जा कर लिया है, पेड़ बेच दिए हैं, शिकायत की तो जान से खत्म कर देंगे।



पीड़िता ने जालम की झोंपड़ियां निवासी सुखपाल मीणा, शंभूलाल मीणा, मुकेश मीणा, सुरेश मीणा, बहादुर गुर्जर तथा एक अन्य आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की साप्ताहिक समीक्षा बैठक, बजट घोषणाओं व एसडीजी लक्ष्यों पर फोकस



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभागों की प्रगति, लंबित कार्यों और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं और भूमि आवंटन से जुड़े प्रस्तावों की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से लागू किया जाए ताकि आमजन को त्वरित लाभ मिल सके।

संधू ने सतत विकास के 17 लक्ष्यों की विभागवार प्रगति पूछते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण एवं आर्थिक विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

'संपर्क पोर्टल' पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण शीघ्र, पारदर्शी और प्रभावी होना चाहिए। किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, एनयूटी ओएसडी चिमनलाल मीणा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नयागांव मालीपुरा की सड़क बदहाल, उड़ती धूल से बढ़ी बीमारी और दुर्घटना का खतरा

## स्थानीयों में रोष वर्षों से सिर्फ खानापूर्ति, स्थायी समाधान कब?

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



नगर पालिका क्षेत्र के नयागांव स्थित मालीपुरा में सात झंडे वाले बालाजी मंदिर के सामने मुख्य सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में लोगों की मुसीबत बनी हुई है। सड़क निर्माण और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षों से अस्थायी मरम्मत कर खानापूर्ति की जाती रही है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

हाल ही में सार्वजनिक निर्माण विभाग ने सड़क पर पड़े बड़े गड्ढों में मिट्टी डालकर मरम्मत का प्रयास किया, लेकिन यह तात्कालिक व्यवस्था अब लोगों के लिए नई परेशानी का कारण बन गई है। सूखी मिट्टी लगातार हवा में उड़कर धूल का घना गुबार बनाती है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि धूल के कारण श्वास, एलर्जी और दमा जैसे रोगों के लक्षण बढ़ने लगे हैं। कई लोगों को सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन और सीने में भारीपन जैसी समस्याएँ हो रही हैं।

दुकानदार अशोक और कमलेश ने बताया कि धूल की वजह से दुकानें हर समय गंदगी से ढकी रहती हैं, जिससे कारोबार प्रभावित होता है और स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी बढ़ रही हैं। कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं किया गया।

स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब हल्की बारिश या नमी आने पर यही मिट्टी कीचड़ में बदलकर सड़क पर फिसलन पैदा कर देती है। इससे बाइक सवारों के फिसलकर गिरने की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि इसी मार्ग से रोजाना प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि गुजरते हैं, बावजूद इसके सड़क की वास्तविक मरम्मत और नाली निर्माण की लगातार अनदेखी जारी है।

यह मार्ग भीलवाड़ा, कोटा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, इसके बावजूद यहाँ सड़क की स्थायी मरम्मत, नाली निर्माण और जल निकासी की व्यवस्था वर्षों से उपेक्षित है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल स्थायी समाधान की मांग करते हुए कहा कि सिर्फ मिट्टी डालकर मरम्मत नहीं, सड़क का पक्का निर्माण और नाली व्यवस्था जरूरी है।

# सोपुरा में सरस्वती मंदिर का जिर्णोद्धार, शुभ मुहूर्त में हुई मूर्ति स्थापना

## हवन, अभिषेक और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ धार्मिक समारोह



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। क्षेत्र के सोपुरा गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को मां सरस्वती मंदिर का जिर्णोद्धार कर नई प्रतिमा की स्थापना की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक महावीर प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि पुरानी प्रतिमा खंडित हो जाने के कारण मंदिर का पुनः जिर्णोद्धार किया गया और शुभ मुहूर्त में मां सरस्वती की नई प्रतिमा स्थापित की गई। सवाईपुर प्रशासक किशनलाल जाट ने बताया कि सुबह 9:15 बजे पूजा-अर्चना एवं हवन का शुभारम्भ हुआ। आचार्य सत्यनारायण उपाध्याय तथा पंडित ओमप्रकाश उपाध्याय के मंत्रोच्चार के साथ पांच हवनकुंडों पर 16 जोड़ों ने विधि-विधान से आहुतियां अर्पित कीं।

इसके बाद प्रतिमा का सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया।दोपहर 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में जयकारों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना की गई। कार्यक्रम में बद्रीलाल जाट, रामनारायण जाट, हीरालाल, मोहन रेगर, किशन जाट, रामेश्वर, गणेश बलाई, जगदीश, कालू सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों और विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# आर्यिका प्रशममति माताजी के सानिध्य में 5 किमी भव्य रथ यात्रा, तीर्थ क्षेत्र पर हुआ स्वागत

## हुकुमचंद जैन 'समाज रत्न' सम्मान से सम्मानित





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

कस्बे में शुक्रवार को आर्यिका प्रशममति माताजी और आर्यिका उपशममति माताजी के सानिध्य में नया गांव से भव्य रथ यात्रा का शुभारम्भ हुआ। पदयात्रा रूप में निकली यह यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय कर दिगंबर जैन पारसनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र पर पहुंची, जहां तीर्थ क्षेत्र कमेटी और सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा यात्रा की भव्य अगवानी की गई।

तीर्थ क्षेत्र पर मेवाड़ प्रांत की सकल दिगंबर जैन समाज एवं कमेटी की ओर से हुकुमचंद जैन, अध्यक्ष चांदखेड़ी कमेटी को 'समाज रत्न' की उपाधि प्रदान की गई और अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थाओं ने भी उनका सम्मान किया। तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा सिंगोली चातुर्मास कमेटी का भी सम्मान किया गया। दीप प्रज्वलन और शास्त्र भेंट के उपरांत आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए आर्यिका प्रशममति माताजी ने कहा कि 'मनुष्य के जीवन में सम्यक दृष्टि के साथ धर्म का आचरण आवश्यक है। भक्ति, धर्म-प्रभावना का महत्वपूर्ण अंग है।

# सावर में पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश) उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान को लेकर ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक उपखंड कार्यालय सावर में आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक सुनिश्चित की जाए और कोई भी बच्चा दवाई से वंचित न रहे। ब्लॉक सावर में इस बार 66 पोलियो बूथ बनाए जाएंगे, जहां 12,088 बच्चों को दवाई पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत 23 नवंबर को सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद सोमवार और मंगलवार को टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवाई पिलाएंगी।बैठक में बीडीओ चिरंजी लाल वर्मा, ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, एबीईओ नेमीचंद खटीक सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।



## QUICK BITES

### राजकीय विद्यालय रूपपुरा(तहनाल)में तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**मूलचन्द पेसवानी**। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार तथा राज्य सरकार की तम्बाकू नियंत्रण नीति के क्रम में शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपपुरा में तम्बाकू नियंत्रण एवं नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को तम्बाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों एवं अन्य गम्भीर स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

चिकित्सा विभाग से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुलदीप सुवालका ने जानकारी देते हुए बताया कि 'तम्बाकू केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवा पीढ़ी को तम्बाकू मुक्त जीवन अपनाना होगा ताकि हम एक स्वस्थ राजस्थान का निर्माण कर सकें। प्रधानाचार्य ने विभाग को धन्यवाद देते हुए सभी छात्र-छात्राओं से तम्बाकू रहित जीवन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग के कर्मचारी,विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

### छात्र मोहित धाकड़ का एथलेटिक्स में राष्ट्रीय स्तर (SGFI-हरियाणा) में चयन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी**



आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा के कक्षा 12 के छात्र मोहित धाकड़ का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) में एथलेटिक्स प्रतियोगिता क्रॉस कन्ट्री दौड़ में हुआ है, पूर्व में इस छात्र ने अखिल भारतीय प्रतियोगिता जो कि दिनांक 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक हासन (कर्नाटक) में आयोजित हुई थी वहां पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था इस आधार पर छात्र का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है, इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य दुर्गा लाल जांगिड़ ने कहा कि यह विद्यालय के लिए गौरव का विषय है, विद्यालय खेलकूद प्रभारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) प्रतियोगिता दिनांक 25 से 30 नवम्बर 2025 तक भिवानी, हरियाणा में आयोजित होगी इस प्रतियोगिता में छात्र विधा भारती का प्रतिनिधित्व करेगा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# एसीबी ने जावल ग्राम पंचायत में लगाई चौपाल,ग्रामीणों को आदर्श सजग ग्राम पंचायत योजना के तहत किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**




भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भीलवाड़ा यूनिट ने पंचायत समिति कोटड़ी की जावल ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को चौपाल लगाकर ग्रामीणों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया। यह कार्यक्रम राज्य सरकार की आदर्श सजग ग्राम पंचायत योजना के तहत आयोजित किया गया।

एसीबी चौकी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक कल्पना बंशीवाल, सहायक उपनिरीक्षक रामपाल साहू, तथा हेडकांस्टेबल गजेंद्र सिंह की टीम ने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से रूबरू होकर उन्हें भ्रष्टाचार के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

जावल ग्राम पंचायत को राज्य सरकार द्वारा एसीबी विभाग ने गोद लिया है। इसके तहत पंचायत के चहुंमुखी विकास, भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाने और ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है। एसीबी टीम द्वारा पंचायत को गोद लेने के बाद यह पांचवीं चौपाल है। इससे पूर्व तत्कालीन डीआईजी समीर कुमार सिंह चौधरी भी यहां चौपाल लगा चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से कहा गया कि किसी भी सरकारी कार्य के बदले रिश्वत न दें और यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी रिश्वत की मांग करे तो तुरंत एसीबी की हेल्पलाइन 1064 पर सूचना दें। टीम ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से साझा की। सरपंच अंबेश भवानी चौधरी ने बताया कि एसीबी यूनिट द्वारा जावल पंचायत को गोद लेने के बाद विकास कार्यों की गति में तेजी आई है और ग्रामीणों में जागरूकता भी बढ़ी है। चौपाल में ग्रामीणों के साथ सभी वर्गों के प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता निभाई।

# एक माँ का संघर्ष बना प्रदेश की बेटियों की आवाज

## प्रियंका गोस्वामी की अपील पर सरकार ने जारी किया संशोधित 1.50 लाख रुपए का संकल्प पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी**

राजस्थान के सुशासन के इतिहास में शुक्रवार का दिन स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया, जब शाहपुरा क्षेत्र की बिलिया पंचायत निवासी एक साधारण माँ प्रियंका गोस्वामी के साहस और दृढ़ता ने पूरे प्रदेश की लाखों बालिकाओं के लिए नई दिशा तय कर दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील हस्तक्षेप के बाद महिला अधिकारिता विभाग को न केवल अपनी गलती सुधारनी पड़ी, बल्कि राज्यभर की पात्र बालिकाओं के लिए संशोधित 1.50 लाख रुपए का संकल्प पत्र सुनिश्चित करना पड़ा।

मामला तब सामने आया जब 05 मई 2025 के बाद जन्म लेने वाली बालिकाओं को 1 लाख रुपए के स्थान पर संशोधित 1.50 लाख रुपए का संकल्प पत्र दिया जाना था। प्रशासनिक त्रुटि के चलते गुंजन गोस्वामी का संकल्प पत्र मात्र 1 लाख रुपए का जारी कर दिया गया। इस गलती को महसूस करने के बाद प्रियंका गोस्वामी ने हार नहीं मानी। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक भावनात्मक पत्र लिखा, जिसमें उन्हें भाई मानते हुए भाई दूज के पावन अवसर पर बेटी के अधिकार दिलाने की अपील की।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस करुण प्रार्थना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। हालांकि एक अधिकारी ने शिकायत को अनुचित टिप्पणियों के साथ निस्तारित कर दिया था, लेकिन इसे अन्याय मानते हुए प्रियंका ने पुनः अनुस्मारक भेजकर मामले में कार्रवाई की मांग की।

इस संघर्ष की जड़ केवल 5 हज़ार रुपए का अंतर नहीं था, बल्कि सरकार से जवाबदेही और न्याय की



उम्मीद थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सीधे हस्तक्षेप से विभाग को त्रुटि सुधारनी पड़ी, और परिणामस्वरूप गुंजन गोस्वामी के लिए संशोधित 1.50 लाख रुपए का संकल्प पत्र जारी हुआ।

सबसे महत्वपूर्ण यह कि अब 05 मई 2025 के बाद जन्मी सभी पात्र बालिकाओं को 1 लाख रुपए नहीं, बल्कि पूर्ण 1.50 लाख रुपए की राशि मिलेगी। प्रियंका का संघर्ष न केवल बेटी गुंजन के हक की जीत है, बल्कि पूरे राजस्थान की लाड़ो प्रोत्साहन योजना को पारदर्शिता और न्याय का नया आधार प्रदान करता है। निर्णय के बाद भावुक प्रियंका गोस्वामी ने कहा आज मैं गर्व से कह सकती हूँ कि राजस्थान में सुशासन स्थापित है। मुख्यमंत्री जी ने एक भाई की तरह मेरी प्रार्थना सुनी और मेरी बेटी का हक लौटाया। यह जीत सिर्फ गुंजन की नहीं, बल्कि प्रदेश की हर लाडली की है। मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी की संवेदनशीलता और न्यायप्रियता को प्रणाम करती हूँ।

प्रियंका ने अपनी अंतिम इच्छा भी दोहराई कि मुख्यमंत्री स्वयं अपनी बेटी गुंजन को अपने हाथों से संकल्प पत्र प्रदान करें और आशीर्वाद दें।

# महान क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ की 153वीं जयंती पर श्रद्धांजलि

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(**किशन वैष्णव** ) महान स्वतंत्रता सेनानी व अमर क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ की 153वीं जयंती पर शुक्रवार की सुबह त्रिमूर्ति बारहठ स्मारक पर माल्यार्पण कर उनके अद्वितीय त्याग व राष्ट्रसेवा को नमन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री प्रकाश रेंगर ने कहा कि केसरी सिंह बारहठ का जीवन राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और त्याग की अमर मिसाल है। उन्होंने महाराणा फतह सिंह को लिखी प्रसिद्ध 'चेतावनी की चुंगटिया के माध्यम से केसरी सिंह के राष्ट्र चिंतन को याद किया।एसीबीईओ सत्यनारायण कुमावत ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बताया कि अंग्रेजों के प्रतिबंध के बावजूद केसरी बारहठ ने अपने बेटे का नाम वंदे मातरम् रखा, ताकि कोई भी सत्ता उनकी देशभक्ति को रोक न सके। संस्थान सचिव कैलाश जड़ावात ने केसरी सिंह बारहठ की जन्मस्थली को 'क्रांति तीर्थ' के रूप में विकसित करने की मांग रखी।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रकाश चन्द्र रेगर, उपखण्ड अधिकारी सुनील मीणा, नगर पालिका चेयरमैन रघुनंदन सोनी, समाजसेवी भारत विकास परिषद से यशपाल पाटनी, पार्षद राजेश सोलंकी, रामेश्वर पहाड़िया, अखिल व्यास, दिनेश जादावत, रामप्रसाद सेन, कमलेश शर्मा, बसंत वैष्णव देवखेड़ा, कैलाश चारण, सुरेशचन्द्र घुसर, अंबेडकर विचार मंच से विमल झवर, पूर्व सरपंच सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ ने सीडीइओ रामेश्वर बाल्दी का किया भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(**किशन वैष्णव** )अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ जिला भीलवाड़ा एवं राजसमंद जिले की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को कांकरोली स्थित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सीडीईओ रामेश्वर बाल्दी का भव्य स्वागत किया।स्वागत कार्यक्रम में भीलवाड़ा से पहुंचे अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश चंद्र रेगर, प्रदेश आईटी सेल प्रभारी एवं संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुरा किशन सिंह राठौड़, संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत ब्लॉक महामंत्री भारत वैष्णव, शारीरिक शिक्षक अभिषेक मीणा, भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी तथा शाहपुरा ब्लॉक के पदाधिकारी उपस्थित रहे।राजसमंद जिले की ओर से जिला अध्यक्ष से मोहब्बत सिंह भेसाना तथा उनकी कार्यकारिणी टीम ने भी कार्यालय पहुंचकर सीडीईओ श्री बाल्दी का साल-साफे, पगड़ी और मालाओं के साथ परम्परागत सम्मान किया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं संगठन पदाधिकारियों ने रामेश्वर बाल्दी के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था की अपेक्षाएँ व्यक्त करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

# सरदार @150 यूनिटी मार्चः हाथों में तिरंगे थामे भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भारत माता और वंदे मातरम् का उदघोष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

देश के प्रथम गृहमंत्री, लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शहर में भव्य सरदार@150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। मार्च का नेतृत्व भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दामोदर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, तथा महापौर राकेश पाठक ने किया। शहर विधायक अशोक कोठारी भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि यूनिटी मार्च महेश स्कूल खेल मैदान से शुरू हुआ, जिसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय, वंदे मातरम्, और सरदार पटेल अमर रहें के नारों के साथ एकता व



राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए आगे बढ़े। मार्च महेश स्कूल से नेहरू रोड, दुधाधारी मंदिर, बड़ा मंदिर, भीमगंज, सूचना केंद्र और गोल प्याऊ मार्ग होकर अंबेडकर सर्कल पहुंचकर संपन्न हुआ। यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ सांसद दामोदर अग्रवाल और जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सभा को संबोधित किया।

मार्च की शुरुआत में उपस्थित शहरवासियों को सांसद अग्रवाल ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया।

यूनिटी मार्च में वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज, जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, रन फॉर यूनिटी जिला संयोजक गोपाल तेली, सह संयोजक दीपक पाराशर, यशोवर्धन सेन, विशाल गुरुजी, मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, कल्पेश चौधरी, सुरेंद्र सिंह मोटरास, लादूलाल जाट, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, पंकज मानसिंहका, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, महावीर समदानी, सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

# संत दिग्विजयराम बोले घमंड त्यागकर प्रकृति की पूजा करें, स्वतः मिलेगी भगवान की शरण

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**





रामस्नेही संप्रदाय के युवा संत दिग्विजयराम ने कहा कि जीवन में घमंड और अहंकार को त्यागकर प्रकृति की पूजा के संकल्प को अपनाना चाहिए, जिससे स्वतः ही ईश्वर की शरणागति प्राप्त हो सके। संत दिग्विजयराम नई आबादी स्थित स्वस्तिक वाटिका में कास्ट परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में प्रवचन दे रहे थे।

उन्होंने इन्द्र के मान मर्दन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब गोकुलवासी इन्द्र की पूजा करने लगे, तब बालकृष्ण ने उन्हें इन्द्र के बजाय गोवर्धन एवं प्रकृति की पूजा का आह्वान किया। इससे कुपित होकर इन्द्र ने तेज वर्षा करा दी, लेकिन सात दिनों तक भगवान कृष्ण ने तर्जनी पर गोवर्धन पर्वत उठाकर गोकुलवासियों की रक्षा की। इस प्रसंग की आकर्षक झांकी ने वातावरण को गोकुलमय बना दिया। कथा के आठवें दिन श्रीकृष्ण को छप्पन भोग समर्पित करने की झांकी ने भी भक्तों को आनंदित किया।

संत दिग्विजयराम ने श्रीकृष्ण द्वारा डावानल पान, प्रलंबासुर व धेनुकासुर वध, नाग नथैया और कालियानाग के मान मर्दन का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने 'कान्हो नाचे रे' भजन की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। माखन चोर लीला का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रसंग 'सार ग्रहण' का संदेश देता है। गुजर जी पकड़ी हाथ, छुड़ावें दीननाथ जैसे भजनों पर श्रद्धालु गोपीभाव में नृत्य करते दिखे।

उन्होंने गर्गाचार्य द्वारा श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग, पूतना वध, त्रिणावत व सकटासुर वध तथा मैया यशोदा को दर्शाए गए विराट रूप का भी वर्णन किया। राजा बलि की पुत्री रत्नमाला को पूतना स्वरूप में प्राप्त वरदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि विषपान कराने के बाद भी भगवान ने उसे गौलोकधाम प्रदान किया।

संत ने वर्तमान समय में कन्या भ्रूण हत्या, गोमाता पर अत्याचार और पर्यावरण संरक्षण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गौ, गंगा और गायत्री की रक्षा के लिए समाज को संकल्प लेना होगा। बालकृष्ण के दर्शन हेतु भगवान शिव के गोकुल आगमन की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि अंततः नन्दरानी के दान से मना करने के बाद भी बालकृष्ण के रुदन करने पर भोलेनाथ को उन्हें गोद में लेने का सौभाग्य मिला।

कथा के पंचम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही। कास्ट परिवार के सदस्यों ने व्यासपीठ की आरती व पूजन कर कार्यक्रम का शुभ समापन किया।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को 100 सफल बनाएंः विधायक कोठारी ने कार्यकर्ताओं को दिया टास्क

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने कार्यकर्ताओं से धरातल पर सक्रिय रहकर घर-घर संपर्क करने का आव्हान किया।

अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कोठारी ने बताया कि अभी तक विधानसभा क्षेत्र में अभियान को 25% सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण का सीधा असर चुनाव परिणामों पर पड़ता है, जैसा



कि बिहार चुनाव में देखने को मिला। बैठक में सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी सुंदरलाल बंबोड़ा ने अभियान की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि दोहरे, मृत और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा पात्र मतदाताओं का नामांकन सुनिश्चित करना इसका मुख्य उद्देश्य है।

एडवोकेट अर्पित कोठारी ने बताया कि अभियान 2002 को आधार बनाकर चल रहा है, प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर, प्रथम मतदाता सूची प्रकाशन 8 दिसंबर, आपत्तियाँ 9-31 दिसंबर, तथा अंतिम सूची का प्रकाशन 7 फरवरी को होगा।

कोठारी ने बताया कि अभियान के लिए बीएलओ, इंस्पेक्टर और आरओ तीन स्तरों पर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नगर निगम सभागार में विशेषज्ञ टीमें भी मतदाताओं को सहयोग दे रही हैं।

बैठक की शुरुआत भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण और पूर्व पार्षद कमला देवी योगी को श्रद्धांजलि के साथ हुई। बैठक में कैलाश जीनगर, संजय राठी, सत्यनारायण गुगड, राघव आचार्य, चेतन मानसिंहका सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पत्रकार शहजाद खान का सम्मान सोडाणी स्मृति संस्थान ने उत्कृष्ट पत्रकारों को सम्मानित करने की की घोषणा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में स्वर्गीय श्री रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान, भीलवाड़ा की ओर से जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं स्टार मीडिया हाउस के मैनेजिंग डायरेक्टर शहजाद खान का एक पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मान किया गया। संस्थान की ओर से उन्हें उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया तथा भारत के इतिहास से संबंधित साहित्य और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के मुख्य निदेशक डॉ. अशोक सोडाणी ने आगामी दो माह में जिले के दो उत्कृष्ट पत्रकारों को सम्मानित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बेहतर पत्रकारिता और समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को प्रोत्साहन मिलना समय की आवश्यकता है।



पत्रकार संघ के अध्यक्ष शहजाद खान ने घोषणा की कि स्वर्गीय श्री रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान और जिला पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वाधान में 'प्रबुद्ध पत्रकार सम्मान' प्रदान किया जाएगा। जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर से चयनित दो पत्रकारों को गीता भवन सभागार में सादे समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गहलोत के अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा आगमन के दौरान सर्किट हाउस में मंत्री झाबरसिंह खर्रा, सांसद दामोदर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा और महापौर राकेश पाठक सहित भाजपा पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया।जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि रणकपुर से नागदा जाते समय राज्यपाल ने भीलवाड़ा में रुककर जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। भाजपा नेताओं ने उपरणा ओढ़ाकर और बुके भेंट कर सम्मान



किया। इस मौके पर प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, गोपाल तेली, कुलदीप शर्मा, अशोक तलाइच, सुरेंद्र सिंह मोटरास, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, महावीर समदानी, अजय नौलखा, ऋतुशेखर शर्मा, प्रदीप चौधरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### विशेष गहन पुनरीक्षण में श्रेष्ठ कार्य के लिए बीएलओ महावीर हुए सम्मानित , जिला कलेक्टर ने की प्रशंसा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**



**(किशन वैष्णव )** । विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने राउप्रावि गेगवा के प्रधानाध्यापक एवं बीएलओ महावीर प्रसाद भील को सम्मानित किया। महावीर प्रसाद भील ने पीईईओ हुकुमपुरा के अधीनस्थ क्षेत्र में मतदाताओं की मैपिंग, गणना प्रपत्रों के वितरण तथा उनके डिजिटलाइजेशन का कार्य तय समय सीमा से 15 दिन पूर्व ही शत-प्रतिशत पूरा किया। उनकी कार्यशैली, गति और गुणवत्ता से प्रभावित होकर जिला कलेक्टर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया।सम्मान समारोह के दौरान पीईईओ हुकुमपुरा के अब्दुल रहमान रंगरेज सहित क्षेत्रीय स्टाफ ने भील को शुभकामनाएँ और बधाई दीं।

### कब्बड्डी मेजबान लखमणियास को हराकर बूंदी ने जीता खिताब

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**



**(सांवर वैष्णव)।** लखमणियास में आयोजित रात्रिकालीन वीर तेजा कबड्डी प्रतियोगिता का समापन गुरुवार रात हुआ, जिसमें बूंदी ने फाइनल में मेजबान लखमणियास को 38-18 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता तेजाजी चौक में वीर तेजाजी महाराज गौशाला समिति के सहयोग से आयोजित की गई। पहले सेमीफाइनल में लखमणियास ने सोपुरा को 35-12 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में बूंदी ने भीलवाड़ा को 34-19 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथियों ने विजेता बूंदी टीम को 21,000, उपविजेता लखमणियास को 11,000 और तृतीय स्थान पर रही आदर्श नगर भीलवाड़ा टीम को 5,100 रुपए की राशि एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### विधायक मीणा ने नगरीय विकास मंत्री से की अहम मुद्दों पर चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**गजानंद जोशी**



विधायक गोपीचंद मीणा ने जयपुर दौरे के दौरान नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मुलाकात कर क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में क्षेत्र में शुद्धिकरण, बेहतर विकास कार्यों तथा नगरीय क्षेत्र पुनर्गठन से जुड़े प्रस्ताव प्रमुख मुद्दे रहे।

विधायक मीणा ने मंत्री के समक्ष कोटड़ी एवं ऊँचा कस्बों को नगरपालिका का दर्जा प्रदान करने की मांग रखते हुए कहा कि दोनों कस्बों की जनसांख्यिकी, भौगोलिक स्थिति और बढ़ती विकास आवश्यकताओं को देखते हुए यह फैसला क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध होगा।

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए आश्वासन दिया कि विभाग जल्द ही सभी आवश्यक औपचारिकताओं पर कार्रवाई करेगा।

### विधायक मीणा ने नई ग्राम पंचायतों के गठन पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**गजानंद जोशी**



विधायक गोपीचंद मीणा ने जयपुर दौरे के दौरान जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र में नवीन ग्राम पंचायतों के गठन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त किया। विधायक मीणा ने कहा कि नई ग्राम पंचायतों के गठन से लाभान्वित क्षेत्रवासियों को मजबूत स्थानीय शासन का लाभ मिलेगा। इससे विकास कार्यों में नई गति, पारदर्शिता और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुगमता आएगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और आमजन के बीच संवाद और अधिक सुदृढ़ होगा। उन्होंने नवीन ग्राम पंचायतों के सभी ग्रामीणों को बधाई और शुभकामनाएँ भी दीं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।